भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 451**

जिसका उत्तर 3 फरवरी, 2021 को दिया जाना है।

14 माघ, 1942 (शक)

## सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क

**451. श्री हँसमुखभाई सोमभाई पटेल** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों में देश में सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पार्क (एस टी पी) स्थापित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने अगले पांच वर्षों में गुजरात सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थापित करने की योजना बनाई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)**

**(क) और (ख):** जी, हां। विगत 3 वर्ष में क्रमश: गोआ (2018), देवघर- झारखंड (2019) और भोपाल-मध्यप्रदेश (2020) में तीन भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (एसटीपीआई) केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

**(ग) और (घ) :** जी, हां। सरकार ने भावनगर, गुजरात में एक एसटीपीआई केन्द्र अनुमोदित किया है। वर्तमान में, राज्य सरकार ने भूमि चिह्नित की है और यह एसटीपीआई के नामे को भूमि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया में है।

*******